# फर्जी आर्डर से थाने से ट्रक कराया रिलीज

प्रतापगढ़। परिवहन विभाग की ओर से सीज किये जाने वाले ओवरलोड ट्रकों को रिलीज कराने के नाम पर फ्राड गैंग सक्रिय है। गैंग के सदस्य वाहन स्वामियों को झांसा देकर मोटी रकम वसूलते हैं और फर्जी रिलीज आर्डर तैयार कर सीज ट्रक थाने से रिलीज करा देते हैं। ऐसा ही मामला संग्रामगढ़ थाने में सामने आया, जहां फर्जी रिलीज आर्डर के आधार पर सीज ट्रक रिलीज करा लिया गया। वहीं दूसरा फर्जी आदेश लेकर रानीगंज थाने पहुंचे वाहन स्वामी से मामले का खुलासा हुआ।

एआरटीओ आशुतोष शुक्ल ने करीब पखवाड़े भर पहले संग्रामगढ़ क्षेत्र में चेकिंग के दौरान ओवरलोड मिलने पर एक ट्रक सीज कर पुलिस के सुपुर्द किया था। ट्रक पर ओवरलोड बालू लादने के मामले में खनन विभाग ने भी जुर्माना लगाया था। ट्रक स्वामी

**फर्जीवाड़ा उजागर मुकदमा दर्ज**

रिलीज कराने के लिए एआरटीओ कार्यालय और कोर्ट के चक्कर लगा रहा था। इसी दौरान उसकी मुलाकात कथित फ्राड गैंग के सदस्य से हुई। आरोप है कि मोटी रकम लेकर गैंग ने कोर्ट का फर्जी रिलीज आर्डर तैयार कर दिया। इसके आधार पर ट्रक थाने से रिलीज करा लिया गया। करीब तीन दिन पहले दूसरा वाहन स्वामी इसी तरह का रिलीज आर्डर लेकर रानीगंज थाने पहुंचा। दस्तावेज देखकर थानेदार को शक हुआ। एआरटीओ से सत्यापन कराने पर फर्जीवाड़ा सामने आया और मामला कोर्ट के संज्ञान में पहुंचा। कोर्ट की सख्ती के बाद कोर्ट कर्मी विनोद सरोज ने नगर कोतवाली में ट्रक के वाहन स्वामी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया।


जलालपुर गांव के समीप सड़क पर गिरा पेड़।

## तेज हवा में सड़क पर गिरा आम का विशाल पेड़

**घंटों जाम रहा पट्टी-रानीगंज मार्ग**

पट्टी, प्रतापगढ़। बुधवार शाम करीब पांच बजे तेज हवा के चलते पट्टी-रानीगंज मार्ग पर जलालपुर गांव के पास आम का विशाल पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरते ही मार्ग पर दोनों ओर से वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। देखते ही देखते सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गयी। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम को मौसम में अचानक बदलाव के साथ तेज हवा चलने लगी। इसी दौरान सड़क किनारे खड़ा आम का विशाल पेड़ तेज हवा का झोंका नहीं सह सका और जड़ सहित सड़क पर जा गिरा। पेड़ के सड़क पर गिरने से मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। कई वाहन चालक और यात्री काफी देर तक जाम में फंसे रहे। यातायात बाधित होने की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने पेड़ की डालियों को काटकर सड़क से हटाने का काम शुरू किया। कई घंटे की मशक्कत के बाद पेड़ को सड़क से हटाया जा सका, जिसके बाद यातायात सुचारु हुआ। इस दौरान राहगीरों ने भी ग्रामीणों का सहयोग किया। गनीमत रही कि पेड़ गिरने से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## शारदा सहायक नहर में मिला अज्ञात महिला का शव, हड़कंप

रानीगंज, प्रतापगढ़। थाना क्षेत्र के कछरा पुल के समीप शारदा सहायक नहर में शुक्रवार को अज्ञात महिला का शव पानी में उतराता मिला। शव दिखाई पड़ते ही आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला का शव क्षत-विक्षत अवस्था में था। शव की स्थिति देखकर ग्रामीणों ने आशंका जताई कि महिला की हत्या कहीं और करने के बाद शव को नहर में फेंका गया होगा। हालांकि, महिला की मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया। काफी देर तक पुलिस के मौके पर नहीं पहुंचने को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी भी देखने को मिली। स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए घटना की जांच शीघ्र किये जाने की मांग की। थाना प्रभारी रानीगंज ने बताया कि नहर से मिले अज्ञात महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की काररवाई की जायेगी।

## दो दिन से बिजली गुल, ग्रामीणों ने एसडीएम का किया घेराव

पट्टी, प्रतापगढ़। आंधी-तूफान और बारिश के बाद ग्रामीण क्षेत्र की दलित बस्ती में दो दिन से बिजली आपूर्ति ठप होने से नाराज ग्रामीण बुधवार दोपहर तहसील पहुंचे। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी सुनील कुमार का घेराव कर विद्युत विभाग पर बस्ती की बिजली बहाल करने में लापरवाही का आरोप लगाया और जल्द आपूर्ति शुरू कराने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना था कि आंधी-तूफान के बाद से बस्ती की बिजली बंद है। आरोप है कि विद्युत कर्मचारी मौके पर पहुंचकर आसपास के क्षेत्रों की आपूर्ति तो बहाल कर देते हैं, लेकिन उनकी बस्ती की लाइन को ठीक नहीं किया जा रहा है।

ग्रामीणों के मुताबिक लाइन में जंफर लगा है, जिसे जोड़कर आपूर्ति बहाल की जा सकती है। श्रीनाथ गौतम, रामदेव, रामसमुझ, सुमित, प्रदीप, रेनू, रेखा, हीरावती, सरोज देवी, सुनीता देवी, नीलम, रागिनी, शांति, गायत्री, प्रेमा देवी, निर्मला और जय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बस्ती की बिजली बहाल करने में कथित भेदभाव का आरोप लगाया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सुनील कुमार ने विद्युत विभाग के एसडीओ से फोन पर बातचीत की।

उन्होंने ग्रामीणों को जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए।


भुआलपुर किला में तालाब की सफाई करते पर्यावरण सेना के लोग।


बाग में ज्योति कलश यात्रा की शुरुआत करते जिला प्रभारी अवधेश गुप्ता।

### सेवा सेतु शिविर में उमड़ी भीड़, योजनाओं के लिए कराया पंजीकरण

बाबागंज, प्रतापगढ़। नगर पंचायत हीरागंज में चल रहे सेवा सेतु शिविर में बुधवार को लोगों की भीड़ जुटी। शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं सुनी गईं और पात्र लाभार्थियों के आवेदन एवं पंजीकरण कराए गये।

शिविर में वृद्धावस्था पेंशन के २२, विधवा पेंशन के १०, पीएम स्वनिधि के करीब पांच और ई-श्रम योजना के ३८ लोगों का पंजीकरण किया गया। वहीं आयुष्मान योजना से संबंधित करीब १२५ लोगों का विवरण दर्ज किया गया।

## डंपर से हादसे में मौत के बाद शव के अंतिम संस्कार से किया इंकार

### कारवाई के आश्वासन पर माने परिजन

बाबागंज, प्रतापगढ़। डंपर की टक्कर से हुई मौत के बाद कारवाई की मांग को लेकर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार रोक दिया। सोमवार शाम करीब छह बजे शव घर पहुंचने के बाद परिजनों ने उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। इससे मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। परिजनों की मांग थी कि हादसे में शामिल डंपर और उसके स्वामी को पुलिस पकड़कर सामने लाए और मामले में मुकदमा दर्ज कर जल्द कारवाई करे। मृतक की पत्नी सहित अन्य रिश्तेदार कारवाई होने तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करने की बात पर अड़े रहे। परिजनों का कहना था कि हादसे के जिम्मेदार लोगों पर कारवाई होने के बाद ही वह अंतिम संस्कार करेंगे। मंगलवार सुबह करीब ११ बजे थाना प्रभारी सिद्धार्थ सिंह पुलिस टीम और दर्जनों पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परजिनों को मामले में आवश्यक कारवाई का आश्वासन देते हुए समझाया। काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। इसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए मानिकपुर ले जाया गया। पुलिस ने मामले में कारवाई का भरोसा दिया है। हादसे के जिम्मेदार लोगों पर कारवाई को लेकर परिजनों और ग्रामीणों की नजर बनी हुई है।

## तालाबों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा की गारंटी-राजेंद्र

कटरामेदनीगंज, प्रतापगढ़। 'सेवा मेरा योगदान' अभियान के तहत सदर विधानसभा क्षेत्र के भुआलपुर किला गांव में 'मेरा तालाब, मेरी जिम्मेदारी' अभियान के अंतर्गत तालाब स्वच्छता एवं जल संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि तालाब ग्रामीण जीवन और जल व्यवस्था की महत्वपूर्ण धरोहर हैं। इनके संरक्षण की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की है। उन्होंने कहा कि तालाबों को स्वच्छ रखने से जल संरक्षण, भूजल स्तर और पर्यावरण संतुलन को मजबूती मिलती है। प्लास्टिक कचरा जलस्रोतों के लिए बड़ी चुनौती है। तालाब, पोखर और अन्य जलस्रोतों को प्लास्टिक एवं कचरे से मुक्त रखना जल एवं पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान होगा। कार्यक्रम का नेतृत्व एंटी प्लास्टिक गैंग एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने किया। पर्यावरण सेना के सदस्यों और ग्रामीणों ने तालाब की सफाई कर प्लास्टिक सहित अन्य कचरा हटाया। अजय क्रांतिकारी ने कहा कि जलवायु संकट के दौर में जल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्ति एक-दूसरे से जुड़े विषय हैं। अंत में ग्रामीणों को जल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त भारत की शपथ दिलाई गयी। इस दौरान एडीओ पंचायत सदर चंद्रभूषण यादव, ग्राम प्रधान वीरेंद्र प्रताप सिंह, संजय सिंह और अविनाश कुमार मौजूद रहे।

## सेवा ज्योति कलश यात्रा में गूंजा विकसित भारत का संकल्प

प्रतापगढ़। सेवा संकल्प अभियान-२०२६ के अंतर्गत बुधवार को शहीद उद्यान पार्क में 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' के उपलक्ष्य में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कंपनी गार्डेन में किया गया।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन सुना। कार्यक्रम में भाजपा जिला प्रभारी एवं काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डा. राममोहन मीना, पूर्व विधायक धीरज ओझा, पूर्व विधायक बृजेश मिश्र सौरभ, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं अधिकारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान लोगों ने देश के विकास, जनभागीदारी और विकसित भारत के संकल्प से जुड़े संदेशों को सुना। इसके बाद 'विकसित भारत-२०४७' के संकल्प के साथ राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। मुख्य अतिथि अवधेश चंद्र गुप्ता ने ज्योति जलाकर 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' का शुभारंभ किया। यात्रा कंपनी गार्डेन से निकलकर अंबेडकर चौराहा, राजापाल टंकी चौराहा, ट्रेजरी चौराहा और पीडब्ल्यूडी चौराहा होते हुए पुनः कंपनी गार्डेन पहुंचकर समाप्त हुई।

## हाईटेंशन लाइन से झुलसी युवती की इलाज के दौरान मौत

रानीगंज, प्रतापगढ़। पांच माह पूर्व खेत में बंधे मवेशी को खोलने गयी युवती हाईटेंशन करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गयी थी। लंबे समय तक उपचार चलने के बाद बुधवार दोपहर उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के जमुनीपुर निवासी योगेंद्र उपाध्याय उर्फ मुन्ना उपाध्याय की २३ वर्षीय बेटी मुस्कान करीब पांच माह पहले खेत में बंधे मवेशी को खोलने गयी थी। बताया गया कि खेत में विद्युत पोल के साथ स्टे वायर लगा था। हाईटेंशन लाइन का टूटा तार स्टे वायर के पास फंस गया था। मवेशी की रस्सी भी उसी के संपर्क में थी। रस्सी खोलने के दौरान मुस्कान करंट की चपेट में आ गयी और उसका आधे से अधिक शरीर झुलस गया। परिजन उसे उपचार के लिए ट्रामा सेंटर ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज प्रयागराज रेफर कर दिया। इसके बाद उसका स्वरूप रानी अस्पताल में उपचार चल रहा था। बुधवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विद्युत उपखंड अधिकारी अभिनव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि घटना के समय विभाग को जानकारी मिली थी और सहायता राशि के लिए आवेदन किया गया था। शासन से निर्धारित मुआवजा परिजनों को दिलाया जायेगा।

### बाइक पर स्टंट करना पड़ा महंगा, १७ हजार का चालान

प्रतापगढ़। पट्टी कस्बे में चौराहे पर मंगलवार को बाइक खड़ी करने के बाद उस पर खड़े होकर स्टंट करना युवक को भारी पड़ा। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने १७ हजार रुपये का चालान कर दिया। पुलिस के अनुसार, बाइक पट्टी कोतवाली के ही अंतपुर निवासी झल्लर पटेल के नाम पर रजिस्टर्ड है।

## मजदूरी नहीं मिलने से मजदूरों में आक्रोश

**जल्द भुगतान का आश्वासन**

बाबागंज, प्रतापगढ़। जुलाई २०२६ से बीबीजी रामजी योजना लागू होने के बाद बाबागंज ब्लाक में काम करने वाले मजदूरों को अभी तक मजदूरी का भुगतान नहीं हो सका है। त्योहार नजदीक होने के कारण मजदूरी नहीं मिलने से श्रमिकों में रोष है।

मजदूरों का कहना है कि समय से भुगतान न होने के कारण उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, कुंडा और कालाकांकर ब्लाक के मजदूरों को मजदूरी का भुगतान किया जा चुका है। इससे बाबागंज के श्रमिकों में आक्रोश बढ़ रहा है। मजदूरों ने जल्द भुगतान की मांग की है। इस संबंध में परियोजना निदेशक दयाराम यादव ने बताया कि मजदूरों की मजदूरी के लिए ८९ लाख रुपये कोषागार भेजे गये हैं। धनराशि प्राप्त होते ही मजदूरों के खातों में भुगतान कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही श्रमिकों को उनकी मजदूरी मिल जायेगी।

## विद्यार्थियों को वित्तीय निवेश के प्रति किया जागरूक

परियावां, प्रतापगढ़। मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कालाकांकर में सेबी एवं एनएसई के तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सेबी और एनएसई के अधिकृत विशेषज्ञ कौशिक कुणाल एवं शिप्रा श्रीवास्तव ने बीकाम, बीएससी एजी और बीए के विद्यार्थियों को वित्तीय जागरूकता से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को निवेश में सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि किसी लालच में आकर गलत जगह धन का निवेश न करें। उन्होंने पीपीएफ, एसआईपी सहित अन्य सुरक्षित निवेश योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा निवेश से पहले सुरक्षा, तरलता और लाभप्रदता जैसे पहलुओं पर विचार करने को कहा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शिवम श्रीवास्तव ने कहा कि कमाई और बचत पर सभी की नजर रहती है, इसलिए धन का निवेश सोच-समझकर सुरक्षित स्थान पर करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रो. रामकरन, डा. डीसी आनंद, भूपेश प्रताप सिंह, डा. अभिषेक कुमार सरोज, कन्हैयालाल, अनिल कुमार, नासिर जिलानी, डा. फरहान सईद, याचना, राहुल कुमार एवं पूनम यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।


आम्बेडकर चौराहे पर प्रदर्शन करते सपाई।

## वोट बचाओ अभियान में सपा का प्रदर्शन, तीन गिरफ्तार

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के निर्देश पर बुधवार को लोकतंत्र बचाओ, वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

सपा कार्यालय मीराभवन से कार्यकर्ता मार्च निकालते हुए आंबेडकर चौराहा पहुंचे और धरना दिया। इस दौरान चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इस्तीफे की मांग की गयी। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला भी फूंका। पुतला दहन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच छीना-झपटी हुई। सपा के अनुसार, पुलिस ने पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के विधानसभा अध्यक्ष विश्वनाथगंज रामखेलावन यादव, बूथ अध्यक्ष चंद्रशेखर पाल और वरिष्ठ सपा नेता राजेंद्र प्रसाद यादव एडवोकेट को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, छीना-झपटी में पूर्व विधायक रामशिरोमणि शुक्ला और जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी के घायल होने की बात कही गयी।

सपा नेताओं ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में सांसद डा. एसपी सिंह पटेल, विधायक डा. आरके वर्मा, विधायक राम सिंह पटेल, पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव, राजकुमार पाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


शेख मोहम्मदपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में सम्मानित विजेता प्रतिभागियों के साथ अतिथि।

# विजेता बच्चों का हुआ सम्मान

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए दी शुभकामना

परियावां, प्रतापगढ़। उच्च प्राथमिक विद्यालय शेख मोहम्मदपुर की दो छात्राएं संध्या और अंशिभा बेहतर प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई हैं। दोनों छात्राएं वाराणसी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।

विद्यालय में आयोजित संक्षिप्त सम्मान समारोह में ब्लाक, जनपदीय एवं मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि चंद्रकेश (प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय कोराली), आशुतोष तिवारी (प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय गौरी) तथा विनोद सिंह (प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय बरवलिया याकूबपुर) ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया। अतिथियों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके शिक्षकों मो. जुनैद, नरेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, सुशीला देवी और शिवबहादुर के परिश्रम की भी प्रशंसा की। उन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित छात्राओं सहित सभी बच्चों को बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की जानकारी कालाकांकर विकासखंड के व्यायाम शिक्षक आदित्य त्रिपाठी ने दी।


ग्रामीण बैंक की क्षेत्रीय इकाई की बैठक में जुटे सेवानिवृत्त कार्मिक।

## नियमितीकरण सहित मांगों को लेकर संविदा कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

बाबागंज, प्रतापगढ़। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के एनएचएम के संविदा कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशगंज के अधीक्षक डा. सौरभ सिंह को ज्ञापन सौंपा।

चिकित्सा अधिकारी डा. आदित्य रंजन त्रिपाठी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने संविदा कर्मियों के नियमितीकरण सहित अन्य मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में संविदा कर्मियों को नियमित करने, समान कार्य के लिए समान वेतन, कैशलेस स्वास्थ्य बीमा, महंगाई भत्ता और ग्रेच्युटी का लाभ देने की मांग की गयी। इसके अलावा गैर जनपद स्थानांतरण नीति लागू करने, सेवाकाल में मृत्यु होने पर आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति देने तथा नियमित पदों की भर्ती में संविदा कर्मियों के लिए २५ प्रतिशत कोटा निर्धारित करने की मांग रखी गयी। कर्मचारियों ने आंदोलन की रूपरेखा भी बताई। पांच, छह और सात अक्टूबर को काला फीता बांधकर विरोध किया जा रहा है। आठ, नौ और १० अक्टूबर को सभी जनपद मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण कार्य बहिष्कार एवं कार्यविराम किया जायेगा। मांगें पूरी नहीं होने पर १२ अक्टूबर से प्रदेशभर के संविदा कर्मचारी लखनऊ पहुंचकर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

इस दौरान डा. अमन मौर्य, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक दुर्गेश कुमार पांडेय, फिजियोथैरेपिस्ट रजनीश कुमार, कंप्यूटर आपरेटर धर्मवीर सिंह और एलटी संदीप जायसवाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## बैंकर्स के पेंशन अपडेशन की समस्या का न्यायपूर्ण समाधान जरूरी-सगुण

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक सेवानिवृत्त कार्मिक समिति अरेबिया, प्रतापगढ़ क्षेत्रीय इकाई की विशेष कार्यसमिति की बैठक बुधवार को हुई। इसमें आल इंडिया रीजनल रूरल बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता सगुण शुक्ल ने कहा कि सेवानिवृत्त बैंकर्स के पेंशन अपडेशन की संवेदनशील समस्या का शीघ्र न्यायपूर्ण समाधान होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण बैंक ग्रामीण भारत के करोड़ों ग्राहकों के आर्थिक जीवन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। संघटन की ओर से २८ राज्यों की ग्रामीण बैंकों को मिलाकर एकीकृत भारतीय राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना की मांग की जा रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से सेवानिवृत्त बैंकर्स की पेंशन अपडेशन की समस्या के समाधान में प्रभावी भूमिका निभाने की मांग की।

आमसभा में समिति के प्रदेश महासचिव पीके चौरसिया और संघटन सचिव बीडी यादव ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक प्रबंधन से सेवानिवृत्त १७ हजार से अधिक कर्मचारियों के लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण की मांग की। इनमें कंप्यूटर इंक्रीमेंट से जुड़े मदों का एरियर, वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण के लिए २५०० रुपये भुगतान, स्वास्थ्य बीमा संबंधी समस्याएं, पीएफ भुगतान और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सुविधा के लिए ऐप जारी करने की मांग प्रमुख रही।

बैठक में क्षेत्रीय संरक्षक महेंद्र कुमार सिंह, अध्यक्ष डीपी सिंह, उपाध्यक्ष वीपी त्रिपाठी, एपी सिंह, महामंत्री एसएन मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भू-सम्पत्तियों की मूल्यांकन दरों में नहीं होगा बदलाव-डीएम

**वर्तमान दरें रहेंगी प्रभावी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि जिले में भू-सम्पत्तियों से संबंधित न्यूनतम मूल्य दर सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। समीक्षा के बाद वर्तमान में प्रभावी मूल्यांकन दरों को यथावत रखने की संस्तुति की गयी है।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प नियमावली-१९९७ एवं द्वितीय संशोधन नियमावली के तहत मूल्य दर सूची का पुनरीक्षण किया गया। महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश पर कलेक्टर दर सूची को मानकीकृत प्रारूप में लागू किये जाने की प्रक्रिया के तहत जिले में व्यापक सर्वे कराया गया। उपनिबंधक, तहसीलदार और उपजिलाधिकारियों द्वारा कराए गये सर्वे के साथ जनसामान्य से प्राप्त सूचनाओं का भी परीक्षण किया गया। अपर जिलाधिकारी सहायक महानिरीक्षक निबंधन, तहसीलदारों एवं सदर, पट्टी, कुंडा, लालगंज और रानीगंज के उपनिबंधकों के साथ बैठक में प्रचलित दर सूची पर विचार-विमर्श हुआ।

क्रय-विक्रय की वास्तविक स्थिति के परीक्षण में पाया गया कि भू-सम्पत्तियों की बाजार दरें वर्तमान मूल्य सूची में निर्धारित दरों के अनुरूप हैं।

इसलिए एक सितंबर २०२४ से प्रभावी सभी मूल्यांकन दरों को अग्रिम आदेश तक यथावत रखने का निर्णय लिया गया है।

### जागरूकता शिविर में छात्राओं को विधिक अधिकारों और योजनाओं की दी जानकारी

रानीगंज, प्रतापगढ़। नगर पंचायत रानीगंज के बरहदा स्थित जीजीआईसी में बुधवार को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सिविल जज सीनियर डिवीजन शांभवी द्वितीय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्या कुसुम मौर्य ने अतिथि का स्वागत किया।

सचिव ने छात्राओं को पाक्सो एक्ट-२०१२ की जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों को शोषण और अपराध से बचाने के लिए कानून में विशेष प्रावधान हैं। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन कर निशुल्क सक्षम अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। वैवाहिक विवादों का भी बिना मुकदमा दर्ज कराए प्री-लिटिगेशन स्तर पर निस्तारण कराया जा सकता है।

## ११, १८ और २५ को बूथ स्तर पर लगेगा विशेष कैंप

**मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का मौका**

प्रतापगढ़। निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-२०२६ के बाद मतदाता सूची में छूटे पात्र नागरिकों के नाम शामिल कराने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी घर-घर भ्रमण कर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे और आवश्यक कारवाई सुनिश्चित करेंगे। अभियान का उद्देश्य ऐसे पात्र नागरिकों की पहचान करना है, जिनका नाम अभी तक निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं हो सका है अथवा किसी कारणवश मतदाता सूची से नाम विलोपित हो गया है। पात्र नागरिक नाम शामिल कराने के साथ ही मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन और सुधार के लिए भी आवेदन कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि १० से २५ अक्टूबर २०२६ तक बीएलओ द्वारा घर-घर भ्रमण किया जायेगा। इसके अलावा मतदाताओं की सुविधा के लिए ११ अक्टूबर, १८ अक्टूबर और २५ अक्टूबर को बूथ स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किये जाएंगे। इन कैंपों में पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और आवश्यक संशोधन के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे विशेष अभियान और बूथ स्तरीय कैंप का लाभ उठाकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के साथ जरूरी सुधार की कारवाई अवश्य कराएं।

## संत सम्मेलन में २१ संतों का हुआ पूजन एवं सम्मान

लालगंज, प्रतापगढ़। अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष समारोह को लेकर बुधवार को लालगंज के भभयानगर में विश्व हिन्दी परिषद द्वारा संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इक्कीस संतों का पूजन कर उनका सम्मान हुआ। कार्यक्रम में बोलते हुये प्रांत संघटन मंत्री राजेन्द्र ने कहा कि अशोक सिंघल ने विश्व हिन्दी परिषद को युवाओं से जोड़ा और युवाओं को बजरंग दल के माध्यम से सामाजिक कार्यों में लगाया। प्रांत उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि अशोक सिंघल पूरे हिन्दू समाज की समस्याओं पर चिन्तन करते थे। कार्यक्रम में जिला मार्गदर्शक रमाशंकर, सिद्ध विनायक, ओमप्रकाश ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय उपाध्याय ने किया और संयोजन अभय शंकर मिश्र एवं आशीष मिश्र ने संयुक्त रूप से किया।

## एमवी एक्ट चालान का क्षेत्राधिकार वापस होने पर भड़के वकील

**किया विरोध- प्रदर्शन**

लालगंज, प्रतापगढ़। एमवी एक्ट चालान के क्षेत्राधिकार को लालगंज दीवानी न्यायालय से वापस लिये जाने को लेकर बुधवार को यहां वकीलों में आक्रोश पनप उठा। नाराज वकीलों ने तहसील गेट पर विरोध प्रदर्शन कर अपर जिला जज को ज्ञापन भी सौंपा।

सीजेएम ने एक जारी परिपत्र में न्यायालयों में लम्बित एमवी एक्ट के चालान के निस्तारण का क्षेत्राधिकार एसीजेएम कोर्ट लालगंज से भी वापस लिये जाने की बात कही है। इसकी जानकारी होने पर अधिवक्ता यहां नाराज हो उठे। संयुक्त अधिवक्ता के साथ के अध्यक्ष राजेशचन्द्र तिवारी तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद की अगुवाई में वकीलों ने तहसील गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं पदाधिकारियों ने अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर से मिलकर सीजेएम को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि लालगंज कोर्ट क्षेत्र के कई गांवों से प्रतापगढ़ की दूरी लगभग चालीस से साठ किलोमीटर है। उन्होंने कहा कि ऐसे में वादकारियों को छोटे मामले में भी जिला मुख्यालय तक परेशान होना पड़ेगा। वहीं के साथ के अध्यक्ष राजेशचन्द्र तिवारी ने कहा कि लालगंज तहसील के अर्न्तगत आने वाले सभी थानों का क्षेत्राधिकार यहां से जोड़ा जाना चाहिए। संचालन उपाध्यक्ष नामवर सिंह ने किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष रामलगन यादव, विपिन शुक्ला, दीपेन्द्र तिवारी, शिवनारायण शुक्ल, सूर्यकांत निराला, संतोष सरोज, विनोद मिश्र, लाल अंकित प्रताप सिंह, राहुल तिवारी आदि अधिवक्ता रहे।

### काम नहीं करने की शिकायत पर रोजगार सेवक को चेतावनी

बाबागंज, प्रतापगढ़। स्थानीय विकास खंड के भैंसाना गांव में रोजगार सेवक द्वारा काफी समय से कार्य नहीं किये जाने की शिकायत ग्राम प्रधानपति ने खंड विकास अधिकारी से की है। ग्राम प्रधानपति संजय कुमार ने रोजगार सेवक शिव प्रताप पर लंबे समय से कार्य नहीं करने का आरोप लगाते हुए बीडीओ मिर्जा इरफान बेग से शिकायत की।कराया जायेगा। मामले को लेकर गांव में चर्चा बनी हुई है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फिरदौस जहां (FIRDAUSH JAHAN) से बदलकर फिरदोस जहां (FIRDAOS JAHAN) रख लिया है। अब मुझे फिरदोस जहां (FIRDAOS JAHAN) के नाम से जाना एवं पहचाना जाय। फिरदोस जहां पत्नी बादशाह (BADSHAH) निवासी ग्राम बोझवा पो० साहबगंज, थाना-लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ उ०प्र० पिनकोड-230137